आज का सुविचार
जो अपने आप पर भरोसा करता है, वह कभी हारता नहीं।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है..
संपर्क करें -9425156055

वर्ष 9, अंक- 83 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 5 सितम्बर 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## Criminal law - हित की रक्षा के लिए सावधानीपूर्वक किया गया कार्य अपराध नहीं होता है जानिए

संरक्षक वह व्यक्ति होता है जो किसी व्यक्ति का भरण-पोषण एवं उसकी सुरक्षा करता है अर्थात माता-पिता 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के संरक्षक होते हैं एवं एक पागल व्यक्ति के हितों को ध्यान में रखने वाला उसका संरक्षक हो सकता है आदि। कभी-कभी ऐसा होता है कि कोई शिशु या पागल व्यक्ति की गम्भीर बीमारी का इलाज करवाना हैं तब डॉक्टर को इलाज करने के लिए मरीज से नहीं उसके किसी संरक्षित से स्वीकृति लेनी होगी। इससे पिछली धारा - 88 यह बताती थी कि कोई कार्य करने के लिए दो व्यक्ति में आपसी सहमति जरूरी है लेकिन धारा-89 में संरक्षक की सहमति जरूरी होती है प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

### •Bharatiya Nyaya Sanhita,2023 की धारा 27 की परिभाषा

ऐसी कोई बात अपराध नहीं होगी जो बच्चों के संरक्षक या पागल व्यक्ति के संरक्षक या कोई बेहोश व्यक्ति के संरक्षक द्वारा सहमति से उसके हितों की रक्षा या फायदा के लिए सावधानीपूर्वक किया जा रहा कार्य और उसने कोई गंभीर खतरा हो जाए। अर्थात डॉक्टर द्वारा पिता की सहमति से किया जा रहा बच्चे का ऑपरेशन क्योंकि इसमे बच्चे का हित एवं फायदा होगा ऐसी स्थिति में बच्चे की मौत हो जाए तब न तो पिता (संरक्षक) अपराधी होगा न ही इलाज करने वाला डॉक्टर दोनों को धारा 89 के अंतर्गत माफ किया जाएगा। अगर माता-पिता अपने बच्चों को बिना आपराधिक उद्देश्य से सावधानीपूर्वक किसी गलत काम करने के लिए सामान्य मारपीट करते हैं एवं इसके कारण बच्चे की मृत्यु हो जाए तब ऐसे माता पिता या संरक्षक को धारा-89 के अंतर्गत क्षमा कर दिया जाएगा।

## गणेश उत्सव में भी थीम बना ऑपरेशन सिंदूर, युवाओं में राष्ट्र प्रेम सराहनीय : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव गणेश उत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के गुलमोहर कॉलोनी में शिवाजी फाउंडेशन और श्रीगणेश उत्सव समिति के गणेश चतुर्थी कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुलमोहर गणेश उत्सव समिति द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर केंद्रित प्रदर्शनी और झांकी देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना सराहनीय है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से पड़ोसी शत्रु ही नहीं बल्कि विश्व को भारत की शक्ति से परिचित करवाया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पगड़ी और पुष्प मालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री और समिति के संरक्षक श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजा अर्चना कर आरती की। युवाओं ने गजानन विघ्नहर्ता गणेशजी की आराधना और समूह नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मंत्री श्री विजयवर्गीय एवं मंत्री श्री टेटवाल ने 13 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन और लोकार्पण

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने राजगढ़ जिले के सारंगपुर विधानसभा के पचोर नगर में गुरुवार को 13 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन को राहत देने के लिए खाने-पीने की चीजों को जीएसटी से मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सफेद क्रांति लाकर प्रदेश को दूध उत्पादन में अग्रणी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## Criminal law - क्या नशे की हालत में किए गए सभी अपराध माफ हो जाते हैं, पढ़िए

मनुष्य के संदर्भ में नशे की अवस्था एक प्रकार का पागलपन होता है, जब मनुष्य का स्वयं पर नियंत्रण नहीं रहता, अर्थात व्यक्ति को अच्छे-बुरे की पहचान नहीं होती है। भारत के कानून में मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति के अपराध माफ कर दिए जाने का प्रावधान है। आईए जानते हैं कि क्या नशे की हालत में किए गए अपराध भी माफ हो जाते हैं या नहीं।

* Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 की धारा 23, भारतीय की परिभाषा अगर किसी व्यक्ति को उसकी मर्जी (Will) के बगैर कोई नशा (Into&ication) करवा देता है या नशीली दवाई (narcotic drugs) खिला देता है तब ऐसे में उस व्यक्ति के द्वारा कोई Crime हो जाए तब वह BNS की धारा 23 के अंतर्गत क्षमा योग्य (forgivable) होगा लेकिन व्यक्ति अपनी मर्जी (Will) से नशा करता है एवं उस व्यक्ति के द्वारा कोई Crime होगा वह किसी भी प्रकार से क्षमा योग्य (forgivable) नहीं माना जाएगा।

The Bharatiya Nyaya Sanhita, w®wx section wx, Punishment

Director of Public Prosecutions v Mege Swaki, मामले में आरोपी ने ड्यूटी पर गश्त दे रहे एक पुलिस कांस्टेबल पर हमला करके उसे शारिरिक चोट पहुँचाई। आरोपी का कहना था कि उस शाम को घटना के पहले उसने नशीले पदार्थ का सेवन किया था, जिसके कारण वह अपने होश में नहीं था। अत: कथित घटना के बारे में उसे कुछ भी याद नहीं था सिवाय इसके कि एक पुलिस कांस्टेबल से उसकी क्षणिक लड़ाई हुई थी। उसने अपने नशे की स्थिति की पुष्टि में मेडिकल रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। न्यायधीश ने निर्णय दिया की स्वेच्छा मद्यपान एवं नशे को अपराध के लिए बचाव के रूप में मान्य नहीं किया जा सकता है। अत: आरोपी की अपील को अस्वीकार कर दिया और उसे दोषसिद्ध कर दिया गया।

**लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

## सरपंच और पंचायत सचिव गांव की रीढ़ हैं, उनकी सक्रियता से ही विकास कार्य धरातल पर उतरते हैं : मंत्री श्री वर्मा

- **सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें**
- **सीहोर जिले के इछावर में सरपंचों एवं पंचायत सचिवों की हुई बैठक**

**भोपाल।** राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने कहा है कि सरपंच और पंचायत सचिव गांव की रीढ़ हैं। उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता से ही विकास कार्य धरातल पर उतरते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्?यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृ?व में देश एवं प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। हम सभी को अपने गांव, जिले, प्रदेश और देश के विकास के लिए अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करना चाहिए। मंत्री श्री वर्मा ने सीहोर जिले के इछावर जनपद पंचायत कार्यालय में सरपंचों, पंचायत सचिवों और जनपद अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा और पंचायतों की जवाबदेही सुनिश्चित करना है। मंत्री श्री वर्मा ने शासन की आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुंचाने के निर्देश दिए।



# Crime against women

साधना मिश्रा

**दिल्ली।** (भारत आज 21वीं सदी में आधुनिकता की ओर बढ़ रहा हैलेकिन महिलाओं की सुरक्षा का प्रश्न अब भी गंभीर चिंता का विषय है,बलात्कार जैसे जघन्य अपराध केवल किसी एक महिला पर हिंसा नहीं हैं बल्कि यह पूरे समाज की चेतना और नैतिकता को झकझोर देते हैं! राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आँकड़े यह दर्शाते हैं कि बलात्कार के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है! पीड़िता की चुप्पीलंबी न्यायिक प्रक्रिया और अपराधियों का प्रभाव—ये सभी कारण न्याय की राह में बाधक बनते हैं। ऐसे में कड़े और स्पष्ट कानून की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी सरकार ने 2023 में भारतीय न्याय संहिता (BNS) लागू कीट्ट जिसने पुराने भारतीय दंड संहिता IPC को प्रतिस्थापित किया है। BNS बलात्कार के प्रावधानों को और कठोर एवं स्पष्ट बनाया है। BNS की धारा 63 के अंतर्गत बलात्कार को परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार, यदि कोई पुरुष किसी महिला के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध या उसकी सहमति के बिना शारीरिक संबंध स्थापित करता हैतो यह अपराध की श्रेणी में आता है।

## सजा का प्रावधान!

सामान्य परिस्थितियों में 10 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा! यदि अपराधी शिक्षक, डॉक्टर, पुलिसकर्मी या कोई अन्य व्यक्ति है, जो विश्वास एवं जिम्मेदारी की स्थिति में है, तो उसे कठोरतम दंड दिया जा सकता है/ नाबालिग पीड़िताओं के मामलों में विशेष कानून (POCSO Act) लागू होते हैं, जिनमें 20 वर्ष से लेकर मृत्युदंड तक का प्रावधान है। इन प्रावधानों से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि महिलाओं की गरिमा पर हमला किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परंतु केवल कठोर कानून बना देना ही समाधान नहीं है।

## आज आवश्यकता है कि-

फास्ट ट्रैक अदालतों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि पीड़िताओं को शीघ्र न्याय मिल सके पुलिस तंत्र को संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाए। 31 समाज में जागरूकता अभियान चलाए जाएँ, ताकि महिलाओं की सुरक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी न होकर सामाजिक दायित्व भी बने। झूठे मामलों की रोकथाम के लिए भी तंत्र विकसित किया जाए, जिससे न्याय की प्रक्रिया निष्पक्ष बनी रहे। बलात्कार पीड़िता के साथ केवल शारीरिक हिंसा नहीं होती, बल्कि उसकी आत्मा, आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान को भी गहरी चोट पहुँचती है। इसलिए यह अपराध व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक संकट है। आज आवश्यकता है कि BNS की सख्ती और समाज की संवेदनशीलता साथ-साथ चले। तभी हम एक ऐसा भारत बना पाएँगे जहाँ महिलाएँ भयमुक्त होकर आगे बढ़ सकें और संविधान में दिए गए समानता और गरिमा के अधिकार का वास्तविक लाभ उठा सकें।

# मध्य प्रदेश में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन का शानदार उदय

अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन, भारत का संपूर्ण देश के कौने - कौने में तेजी से करवा आगे बढ़ रहा है। इसी के तत्वाधान में दिनांक 21.08.2025 से 25.08.2025 तक पांच दिवसीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास अमृतवाणी सत्संग सतगुरु रविदास प्रतिमा स्थापना एवं निशान साहिब सतगुरु रविदास अमृतवाणी ग्रंथ स्थापना, शोभा यात्रा, अटूट लंगर संस्थापक पूज्य सतगुरु श्री 108 संत निरंजनदास जी महाराज, राष्ट्रीय अध्यक्ष संत श्री सुखदेव जी महाराज की असीम कृपा व आदेश द्वारा एवं मध्य प्रदेश अमृतवाणी प्रचारक प्रदेश धर्माचार्य श्री रामदयाल शास्त्री जी महाराज तहसील पाटन जिला जबलपुर द्वारा स्थापना सत्संग किया गया। सलाहकार प्रदेश प्रभारी परम सम्माननीय श्रद्धेय धन्नालाल जोड़वाल जी , प्रदेश प्रचारक श्रद्धेय राधाकृष्ण महाराज जी, प्रदेश अध्यक्ष माधव सिंह अहिरवार जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रद्धेय अतर सिंह भारतीय जी रहे।





आयोजन में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन मध्य प्रदेश के कौने - कौने से एवं अन्य राज्यों से संतजी, प्रचारक, कार्यकर्ता गण जैसे कि बोधगया बिहार से संत जी, श्री रामधन मिशनरी गायक, उत्तर प्रदेश से संत श्री जीवन दास जी, जिला दमोह, इंदौर से मीडिया प्रभारी जी एवं हजारों की संख्या में माता बहने गुरु प्रेमी साद संगत ने रविदासिया धर्म के संस्कारों पर चलने की एवं अमृतवाणी के द्वारा जीवन के हर कार्यक्रम करने की शपथ ली। आयोजक समस्त संत शिरोमणि सतगुरु रविदास समाज विकास समिति, डॉ अंबेडकर नगर सतगुरु रविदास गुरुद्वारा, ग्राम चौबारा जागीर, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास, मध्य प्रदेश। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रद्धेय अतर सिंह भारतीय सहित प्रदेश के सभी प्रचारकों ने सराहना की एवं सफल आयोजन की लख - लख बधाईयां प्रेषित की हैं।





# बस्तर की बेटी पंक्ति बेदरकर बनीं मिस टीन इंडिया छत्तीसगढ़ 2025, राष्ट्रीय स्तर पर 20 फाइनलिस्ट में चयनित।

## शिवसेना ने किया हर संभव सहयोग की पेशकश

**दीप्ति बाजपेई जगदलपुर बस्तर.**

**जगदलपुर, बस्तर।** बस्तर की होनहार बेटी पंक्ति बेदरकर ने अपनी प्रतिभा और लगन के दम पर मिस टीन इंडिया छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब अपने नाम किया है। इस उपलब्धि के साथ ही पंक्ति ने सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर मिस टीन इंडिया 2025 की टॉप 20 फाइनलिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि बस्तर ही नहीं, बल्कि पूरे



छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण है। बस्तर जैसे अंचल, जो वर्षों से नक्सलवाद की चुनौतियों का सामना करता आया है, वहां से निकलकर राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराना पंक्ति के हौसले और संघर्ष की अनूठी मिसाल है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद यदि संकल्प और मेहनत हो, तो बेटियाँ हर मुकाम हासिल कर सकती हैं। दिल्ली में 17 से 20 सितम्बर 2025 तक इस भव्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमें देशभर से प्रतिभागी टीन, मिस और मिसेज इंडिया वर्गों में हिस्सा लेंगे। इससे पूर्व पंक्ति बेदरकर किड्स सेंट्रल इंडिया 2025 का खिताब भी जीत चुकी हैं। लगातार मेहनत और समर्पण के बाद अब उन्होंने मिस टीन इंडिया छत्तीसगढ़ 2025 का ताज अपने नाम किया है और राष्ट्रीय स्तर पर फाइनलिस्ट बनकर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर शिवसेना के नेता अरुण पांडे ने कहा कम उम्र में पंक्ति का यह जज़्बा सम्पूर्ण बस्तर की बेटियों के लिए हौसला और मार्गदर्शन का काम करेगा। पंक्ति की यह उपलब्धि प्रेरणादायक है और प्रदेश की नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की राह दिखाएगी। उन्होंने पंक्ति बेदरकर के दिल्ली कार्यक्रम हेतु हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है और बस्तर के अन्य राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से भी पंक्ति को आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

## भोपाल में मानव मिल्क बैंक का शुभारम्भ काटजू अस्पताल में 'अमृत कलश' की शुरुआत



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

अब हर नवजात को मिलेगा मां के दूध का संबल गणेश चतुर्थी एवं कृष्ण जन्माष्टमी जैसे पर्वों के शुभ अवसर पर नवजात शिशुओं, विशेष रूप से समय से पूर्व जन्मे, कमजोर एवं बीमार बच्चों को मां के दूध द्वारा जीवनरक्षक पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से डॉ. कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय, भोपाल में मानव मिल्क बैंक का शुभारम्भ किया गया डॉ. रचना दुबे, नोडल अधिकारी, के.एन.के चिकित्सालय ने बताया कि यह कदम उन नवजात शिशुओं के लिए आशा की किरण है जिन्हें किसी कारणवश अपनी मां का दूध नहीं मिल पाता। यह मिल्क बैंक माताओं के दान किए गए दूध को सुरक्षित रूप से पाश्चराइज कर नवजात शिशुओं को उपलब्ध कराने का कार्य करेगा। इससे शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी और माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह एक बहुत ही जरूरी और अच्छा कदम है जिससे कोई भी शिशु मां के दूध से वंचित न रहे। यह सुविधा केवल डॉ.कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध होगी। मिल्क बैंक के शुभारम्भ अवसर पर चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय, मिल्क बैंक इंचार्ज डॉ.स्मिता सक्सेना एवं अन्य सभी विशेषज्ञ, चिकित्सक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पद्धति और वैज्ञानिक परम्परा को एक नई पहचान

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवर्ष ने अपने ज्ञान से सम्पूर्ण ब्रह्मांड को अलौकिक किया है। कालगणना की पद्धति 300 साल पहले तक हमारे देश से दुनिया तक जाती थी। भारतीय संस्कृति का प्रत्येक पहलु प्रकृति और विज्ञान का ऐसा विलक्षण उदाहरण है, जो विश्व कल्याण का पोषक है। इन्हीं धरोहरों के आधार पर निर्मित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय परम्परा का गौरवपूर्ण प्रतीक है। इस घड़ी के माध्यम से भारत के गौरवपूर्ण समय को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। विरासत-विकास-प्रकृति और तकनीक के संतुलन का प्रकटीकरण विक्रमादित्य वैदिक घड़ी से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के अनावरण और उसके ऐप लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास के नवनिर्मित द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का मंत्रोच्चार के बीच अनावरण किया। इस अवसर पर शौर्य स्मारक से आरंभ हुई भारत का समय-पृथ्वी का समय रैली मुख्यमंत्री निवास पहुंची। मुख्यमंत्री ने रैली में शामिल युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ऐप का लोकार्पण, राजा भोज पर निर्मित यू-ट्यूब सीरीज के फोल्डर का विमोचन और खगोल विज्ञान पर केन्द्रित फिल्म की सीडी का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने वैदिक घड़ी के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आहवान किया और उपस्थित युवाओं से मोबाइल में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी ऐप भी डाउनलोड करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर वैदिक घड़ी भेंट की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि सनातन संस्कृति के व्रत, त्यौहार अंग्रेजी कैलेंडर के आधार पर नहीं आते, उनकी गणना में ऋतुओं का प्रभाव शामिल है। सावन-भादो-कार्तिक माह का प्रभाव हम सब अपने जीवन में अनुभव कर रहे हैं। पूर्णिमा और अमावस्या का समुद्र पर प्रभाव ज्वार-भाटा से आंका जा सकता है, इससे हमारी तिथियों की सत्यता भी प्रमाणित होती है। मानसिक रोगियों पर अमावस्या और पूर्णिमा का प्रभाव चिकित्सा शास्त्र भी स्वीकार करता है। मानव शरीर संरचना में 70 प्रतिशत जल का अंश है, जो







अमावस्या और पूर्णिमा पर प्रभावित होता है। इसी का परिणाम है कि मानसिक चिकित्सालयों को अमावस्या और पूर्णिमा पर विशेष सतर्कता बरतने के स्थाई निर्देश हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय शास्त्रों में समय की गणना सूक्ष्मतम स्तर तक की गई है। सनातन संस्कृति में सूर्योदय से सूर्योदय तक की गणना का विधान है। इस प्राचीन गणना में 30 मुहूर्त हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में विभिन्न सिद्धांतों पर विचार-विमर्श के लिए कोई बंधन या दंड नहीं है, जबकि कालगणना पर वैचारिक मतभेद के कारण मृत्युदंड देने का उद्धरण पश्चिम के इतिहास में मिलता है। खगोलीय अध्ययन के लिए सूर्य से बनने वाली छाया के आधार पर सूर्य की गति की गणना की गई। उन्होंने बताया कि भारत का केन्द्र उज्जैन है और उज्जैन का केन्द्र वर्तमान में डोंगला में स्थित है। डोंगला का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा से जुड़ता है। संभवतः डोंगला के इस महत्व से ही भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ था। पंचांग भारतीय कालगणना की शुद्धता और सटीकता का जीवंत उदाहरण हैं। पंचांग के विद्वान चंद्रग्रहण, सूर्यग्रहण, तिथि, नक्षत्र, वार, व्रत, त्यौहार और मुहूर्तों की जानकारी वर्तमान में भी त्वरित रूप से उपलब्ध कराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास के द्वार पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी स्थापित की गई है। मुख्यमंत्री निवास केवल मुख्यमंत्री का नहीं, अपितु सभी प्रदेशवासियों की धरोहर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिक घड़ी के ऐप के माध्यम से हम अपने मोबाइल में वैदिक घड़ी का संचालन कर सकते हैं। वैदिक घड़ी और ऐप की विशेषताओं में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है, जो भारतीय परंपरा, वैदिक गणना और वैज्ञानिक दृष्टि का अद्भुत संगम है। यह भारत की सांस्कृतिक धुरी बनकर वैश्विक भाषाओं, परंपराओं, आस्था और धार्मिक कार्यों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बनेगी। साथ ही विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के तैयार किये गये मोबाइल ऐप में 3179 विक्रम पूर्व, महाभारतकाल से लेकर 7 हजार से अधिक वर्षों के पंचांग, तिथि, नक्षत्र, योग, करण, वार, मास, व्रत एवं त्यौहारों की दुर्लभ जानकारियां समाहित की गई हैं। धार्मिक कार्यों, व्रत और साधना के लिए 30 अलग-अलग शुभ मुहूर्तों की जानकारी एवं अलार्म की सुविधा भी है। प्रचलित समय में वैदिक समय (30 घंटे), वर्तमान मुहूर्त स्थान, लग्न और ग्रुप्त समय, तापमान, हवा की गति, आर्द्रता एवं मौसम संबंधी सूचनाएं भी लोगों को उपलब्ध करायी गई है। यह ऐप 189 से अधिक वैश्विक भाषाओं में उपलब्ध है। इसमें दैनिक सूर्योदय और सूर्यास्त की गणना तथा इसी आधार पर हर दिन के 30 मुहूर्तों का सटीक विवरण शामिल है।

# केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भोपाल के समाजसेवियों ने किया भव्य स्वागत

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान का भोपाल में भव्य स्वागत हुआ। उनके राजधानी भोपाल के राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन पर उनका स्वागत दुबई स्थित छात्र ताबिश अली खान, प्रखर युवा नेता रोनित सिंह और दुबई के समाजसेवी तल्हा आरिफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इस अवसर पर देवेन्द्र योगी भाजपा सह-मीडिया प्रभारी जिला-भोपाल के साथ-साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेतागण और विधायकगण भी मौजूद रहे। मंत्री के सम्मान में हवाई अड्डे पर एक छोटा स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया। केंद्रीय मंत्री चौहान दिल्ली से एक महत्वपूर्ण यात्रा के बाद भोपाल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संक्षिप्त चर्चा भी की।

# गौ सेवा एवं मंदिर स्वच्छता अभियान एक दिवसीय शिविर







अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत गौ सेवा एवं मंदिर स्वच्छता अभियान का एक दिवसीय शिविर का आयोजन वृंदावन के चंद्रोदय मंदिर में किया गया जिसके अंतर्गत छात्राओं ने गायों को हरा चारा खिलाया एवं गौशाला में स्वच्छता अभियान भी चलाया । साथ ही साथ छात्राओं ने मंदिर में भी स्वच्छता अभियान चलाकर समाज के प्रति अपनी सेवा की भावना को दर्शा कर यह संदेश दिया कि वह समाज एवं राष्ट्र की सेवा में सदैव तत्पर है।इस शिविर में लगभग राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की छात्राओं ने प्रतिभा लिया। शाम को शिविर की समाप्ति के बाद छात्रों को चार धाम मंदिर भी दर्शन के लिए भी जाया गया संपूर्ण शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ निर्मल वर्मा और श्रीमती नूतन देहर ने किया। संजना, घनिष्का, आकृति गौतम, जागृति, प्रियंका, प्रिया राजावत, महक मिश्रा, सत्यम, दीप्ति यादव, कसक अग्रवाल आदि छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई।



# जनजातीय छात्र-छात्राओं के लिए भारतीय वायुसेना में भर्ती प्रक्रिया पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त कार्यालय एवं एयरमैन सिलेक्शन सेंटर,भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में विभागीय छात्रावासों में निवासरत छात्र-छात्राओं के लिए भारतीय वायुसेना में भर्ती प्रक्रिया पर केंद्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग,काउंसलिंग अधिकारी श्री अमित कुमार अरजरिया तथा एयरफोर्स की ओर से कमांडिंग ऑफिसर सहित एयरमैन सिलेक्शन टीम के सदस्य उपस्थित रहे। एयरमैन सिलेक्शन सेंटर के इंस्ट्रक्टर ने विद्यार्थियों को वायुसेना के विभिन्न तकनीकी एवं गैर- तकनीकी शाखाओं में भर्ती की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, शारीरिक मानक, मेडिकल स्टैंडर्ड तथा चयन प्रक्रिया से जुड़े चरणों की जानकारी दी। इसके साथ ही अग्निवीर योजना के अंतर्गत मिलने वाले वेतन और भत्तों की जानकारी भी साझा की।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से भारतीय वायुसेना के इतिहास और वर्तमान उपलब्धियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी छात्रों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर काउंसलिंग अधिकारी अमित कुमार अरजरिया ने एयरमैन सिलेक्शन सेंटर की संपूर्ण टीम का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु ऑनलाइन पंजीयन

**जगदलपुर।** राज्य में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी संस्थानों में नियोजित करने के उद्देश्य से 09 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सत्र 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में उत्तीर्ण सभी दसवीं, बारहवीं, आईटीआई उत्तीर्ण एवं डिप्लोमा धारक युवा रोजगार कार्यालय के वेबसाइट erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रभारी सयुंक्त संचालक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय आईटीआई जगदलपुर में 09 एवं 10 सितम्बर 2025 तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है जो भी आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी पंजीयन नही करवाएं हैं ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी अपना शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उक्त शिविर में पंजीयन करवा सकते हैं। बस्तर संभाग के सभी आईटीआई में ई-रोजगार पंजीयन किया जा रहा है। अधिक जानकारी हेतु संस्था के प्लेसमेंट अधिकारी पहाड़ सिंह बारिक मोबाइल नंबर 9479248524 से सम्पर्क किया जा सकता है।

# माता लिंगेश्वरी धाम में सालभर इंतज़ार, एक दिन में ही मिलते हैं दर्शन और संतान का वरदान

**दीप्ति बाजपेयी**

कोंडागांव - छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के आलोर गांव में पहाड़ों की गोद में बसा माता लिंगेश्वरी मंदिर अपनी अनोखी परंपरा और गहरी आस्था के लिए प्रसिद्ध है। इस मंदिर के कपाट पूरे साल बंद रहते हैं और केवल भाद्रपद नवमी के बाद आने वाले पहले बुधवार को एक दिन के लिए इस मंदिर के पट खुले श्रद्धालुओं को लिंगेश्वरी माता के दर्शन हेतु साल भर इंतजार करना पड़ता है साल में सिर्फ एक बार ही मंदिर के पट खुलते है इसी कारण इसे लोग श्रद्धा से 'एक दिन का मंदिर' कहते हैं। मान्यता है कि माता लिंगेश्वरी जागृत देवी हैं और उनकी आराधना से संतानहीन दंपत्ति को संतान सुख का आशीर्वाद मिलता है। यही कारण है कि इस विशेष दिन पर बड़ी संख्या में दंपत्ति मंदिर पहुंचकर माता के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। यहां एक विशेष परंपरा भी प्रचलित है—दंपत्ति खीरे को अपने नाखून से चीरकर उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। विश्वास है कि ऐसा करने से माता की कृपा से संतान की मनोकामना अवश्य पूरी होती है।



मंदिर खुलने के दिन श्रद्धालुओं की भीड़ दूर-दराज़ से उमड़ पड़ती है। पैदल यात्राएं, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और देवी गीतों की स्वर लहरियां मिलकर एक अलौकिक वातावरण रच देती हैं। आलोर का यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से विशेष है, बल्कि बस्तर अंचल की सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का अद्भुत प्रतीक भी है। हर साल यह परंपरा आस्था की गहराई और लोक संस्कृति की समृद्धि का जीवंत उदाहरण बन जाती है।

# पोषण आहार,स्वस्थ नागरिक विकसित भारत की अवधारणा की आधारशिला



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय, नर्मदापुरम में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में डा अभिषेक सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संबोधित किया। डा अभिषेक सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत जैसे विकासशील देश में पोषण का प्रश्न केवल स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानवाधिकार और संवैधानिक अधिकार से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में जीवन के अधिकार में पोषण युक्त भोजन का अधिकार भी निहित है। साथ ही अनुच्छेद 47 राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में स्पष्ट करता है कि राज्य का कर्तव्य है कि पोषण स्तर और जनस्वास्थ्य में सुधार करे, तथा अनुच्छेद 39(ख) भी राज्य पर बाध्यता अधिरोपित करता है कि संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण का समान बंटवारा हो, उच्चतम न्यायालय के पी.यू.सी.एल. बनाम भारत संघ (2001) मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि मिड डे मील योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली केवल सरकारी नीतियाँ नहीं बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी हैं। आपने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स (Global Hunger Inde&) 2024 में भारत की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि यदि आज की पीढ़ी पोषणहीन रहेगी, तो आने वाली पीढ़ियाँ न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर होंगी तो राष्ट्र निर्माण में पिछड़ जाएंगी, पोषण आहार स्वस्थ नागरिक,विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने में आधारशिला है। विधि तृतीय वर्ष की छात्रा सुमित्रा ने पोषण युक्त संतुलित आहार में अनाज, दाल, हरी सब्जियाँ, दूध, फल और प्रोटीन का उचित अनुपात होना चाहिए। विधि द्वितीय वर्ष के छात्र अर्जुन दायमा साथ ही बॉडी मास इंडेक्स (BMI) का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल मोटापे या दुबलापन मापने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति का आईना है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्य, डा ओम् शर्मा सुश्री अरूणिका जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता रही ।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा महेंद्र कुमार पटेल ने किया तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक श्री राजदीप भदोरिया ने आभार व्यक्त किया।

# रायसेन में भीम आर्मी भारत एकता मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न, सामाजिक न्याय के लिए सौंपा ज्ञापन।



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

रायसेन। भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन के विस्तार, समाज में हो रहे अन्याय-अत्याचार पर अंकुश और विभिन्न मांगों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील बेरसिया ने संगठन को ग्राम स्तर तक मजबूत बनाने और सामाजिक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। वहीं कैडर प्रभारी निहाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को कैडर दिया और संगठन की मजबूती के लिए सतत सक्रिय रहने की अपील की। बैठक में वरिष्ठ प्रदेश सचिव महेंद्र बौद्ध और प्रदेश सचिव प्रभारी जिला रायसेन-सीहोर जितेंद्र मूलनिवासी एवं राकेश अंबेडकर भीम आर्मी जिला संयोजक रायसेन ने संगठन की भूमिका और मजबूती पर अपने विचार रखे। इसके उपरांत भीम आर्मी के प्रतिनिधिमंडल ने रायसेन अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख मांगें शामिल थीं तहसील देवरी में असामाजिक तत्वों द्वारा भीम आर्मी समर्थकों का विरोध करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक वर्ग के भूमिहीन परिवारों को पट्टा और आवास सहायता उपलब्ध कराई जाए। अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के छात्रावासों में छात्रों को बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में गजराज सूर्यवंशी (पूर्व जिला उपाध्यक्ष रायसेन), पहलवान सिंह, राम बाबू, दौलत सिंह (पूर्व तहसील अध्यक्ष बरेली), दीपक बघेल (संभाग उपाध्यक्ष), अतुल अहिरवार (पूर्व जिला सचिव), रतन बौद्ध (पूर्व सांची ब्लॉक अध्यक्ष), भारत सूर्यवंशी (पूर्व तहसील अध्यक्ष रायसेन), नीतेश अहिरवार (ढ्ढ्रू सेल प्रभारी), नितिन बौद्ध (पूर्व जिला मीडिया प्रभारी), अभिषेक बौद्ध (संभागीय महासचिव), जितेंद्र बघेल (जिला महासचिव) सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मेडिकल कॉलेज की डगर मुश्किल, पिता का इलाज कराने आया पुत्र घायल, एमबीबीएस का छात्र दुर्घटना का शिकार



**संभागीय संवाददाता -राजू राय**

शहडोल। संभागीय मुख्यालय में स्थित मेडिकल कॉलेज तक पहुंचना लोगों के लिए अब आसान नहीं रह गया, सड़कों में इतने गड्ढे हो गए हैं कि लोगों को अब मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए जाना काफी कठिन हो गया है। लेकिन जवाबदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे है।कई बार मरीज व उनके परिजन इन गड्ढों भरी सड़क पर गिर कर घायल हो चुके हैं, लेकिन अब तक गड्ढों को भरने का कार्य प्रशासनिक अधिकारियों ने नहीं किया है। इसलिए मेडिकल कॉलेज पहुंचना अब आसान नहीं रह गया।

**पिता का इलाज कराने आया, खुद घायल:** संदीप प्रजापति ने बताया कि वह अपने पिता को लेकर मोटरसाइकिल से मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए आया था, घर से निकलते वक्त पुत्र सुरक्षित था,लेकिन मेडिकल कॉलेज पहुंचने के पहले ही वह खुद मरीज़ बन गया। पिता का इलाज कराने आए पुत्र को स्वयं अपना इलाज करवाना पड़ा। संदीप का कहना है कि पिता को तेज बुखार था, जिसको लेकर वह बीती शाम मोटरसाइकिल में अपने पिता को लेकर मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए आया था। मेडिकल कॉलेज के पहले ही बड़े गड्ढे में उसकी मोटरसाइकिल का पहिया फस गया और बाइक सड़क पर गिर गई पिता तो सुरक्षित हैं, लेकिन पुत्र के सर में चोट लग गई। घटना को देखकर स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए उसे अस्पताल पहुंचाया,जहां पिता के साथ पुत्र का भी इलाज शुरू हो गया है।

**आए दिन हो रहे हादसे जवाबदार मौन :** मेडिकल कॉलेज जाने के लिए एक ही मार्ग है। हाईवे से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर स्थित मेडिकल कॉलेज की सड़क पर हर जगह गड्ढे हैं। आए दिन पैरामेडिकल स्टाफ एवं मरीज इन गड्ढों की वजह से दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, लेकिन जवाबदार इस पर ध्यान नहीं देते। बीती रात एमबीबीएस का छात्र भी इस गड्ढे की वजह से सड़क हादसे का शिकार हुआ है, जिससे उसे गंभीर चोट पहुंची है।उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

**अधीक्षक ने कहा ,अधिकारियों से करेंगे बात :** इस मामले में मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉक्टर नागेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सड़क हादसे आए दिन इस रास्ते में हो रहे हैं। बीती रात हमारा एक छात्र भी घायल हुआ है। रात के वक्त सड़क पर अंधेरा रहता है,जिसकी वजह से मार्ग और भी असुरक्षित हो जाता है, सड़क की मरम्मत को लेकर हम अधिकारियों से अपनी बात रखेंगे।

# बस्तर संभाग के अतिवृष्टि प्रभावित जिलों में मकान क्षति के 1694 प्रकरणों में प्रभावितों को मिली 08 करोड़ 81 लाख रुपए से अधिक मुआवजा

## पशुधन एवं फसल क्षति का भी मुआवजा राशि वितरित

जगदलपुर। बस्तर संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले में बीते सप्ताह हुई अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों के राहत एवं पुनर्वास के लिए राज्य सरकार संवेदनशील पहल कर रही है। इस दिशा में जहां प्रभावितों को राहत शिविरों में भोजन, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं मकान क्षति, पशुधन हानि एवं फसल क्षति का सर्वेक्षण कर आरबीसी 6-4 के तहत स्वीकृत मुआवजा राशि प्रभावितों को प्रदान किया जा रहा है। कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह के द्वारा अतिवृष्टि प्रभावितों को हरसंभव मदद देने के निर्देश के परिपालन में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अब तक इन सभी जिलों में मकान क्षति के 1694 प्रकरणों में प्रभावितों को 08 करोड़ 81 लाख 49 हजार रुपए मुआवजा राशि प्रदान किया गया है। वहीं पशुधन क्षति एवं फसल क्षति का आंकलन कर अब तक स्वीकृत 48 प्रकरणों में 04 लाख 80 हजार रुपए मुआवजा राशि वितरित किया गया है। राज्य शासन की राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अनुसार अतिवृष्टि प्रभावित बस्तर जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 103 प्रकरणों में एक करोड़ 29 लाख 63 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 356 प्रकरणों में 18 लाख 10 हजार रुपए, दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 420 प्रकरणों में 05 करोड़ एक लाख 76 हजार रुपए तथा आंशिक मकान क्षति के 562 प्रकरणों में एक करोड़ 96 लाख 20 हजार रुपए, बीजापुर जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 26 प्रकरणों में 18 लाख 45 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 35 प्रकरणों में एक लाख 17 हजार रुपए और सुकमा जिले के अंतर्गत पूर्ण मकान क्षति के 10 प्रकरणों में 11 लाख 05 हजार रुपए एवं आंशिक मकान क्षति के 182 प्रकरणों में 05 लाख 13 हजार रुपए मुआवजा राशि सम्बंधित प्रभावित परिवारों को आवास निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए प्रदान किया जा चुका है। साथ ही इन प्रभावितों को बांस-बल्ली भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अलावा आवश्यकता के अनुरूप प्रभावित परिवारों को सूखा राशन, बर्तन, कपड़े एवं अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त जिलों में सर्वेक्षण के अनुसार प्रारंभिक तौर पर कुल 688 मकान पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और 1449 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। वहीं 176 पशुधन की क्षति हुई है, साथ ही करीब 590 हेक्टेयर फसल की क्षति हुई है। इन सभी क्षति का प्रकरण तैयार कर स्वीकृति के अनुरूप मुआवजा राशि प्रभावितों को प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में इन जिलों के 15 राहत शिविरों में 800 से ज्यादा प्रभावितों को भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दो अलग-अलग मामलों में धोखाधड़ी का आरोपी व अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान जप्त

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। थाना कोतवाली अनूपपुर द्वारा धोखाधड़ी के प्रकरण में 09 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी रामदेव राठौर पिता रामलाल राठौर निवासी जैतहरी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। टीकम प्रसाद रजक पिता विशाल रजक उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम हर्दी के द्वारा थाना कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सृष्टि वेयर कंपनी के एजेन्ट संतोष राठौर एवं नरेन्द्र राठौर के द्वारा फरियादी को





05 वर्षों में पैसा डबल करने एवं प्रत्येक माह 750 रूपये का बोनस दिये जाने का लालच देकर फरियादी से 50000 रूपये प्राप्त किया जाकर सृष्टि वेयर कंपनी का पालिसी दिया गया तथा संतोष राठौर द्वारा फरियादी से लिये गये 20000 रूपये की कोई पालिसी नही दी गई है। जिस पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 167/2016 धारा 420, 34 पंजीबद्ध किया गया था, तथा प्रकरण की विवेचना के दौरान धारा 467, 468, 471, 120 बी भादवि. 06 म.प्र. निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम का ईजाफा किया गया। प्रकरण के अन्य 10 आरोपियो सामियल लिबिन्सटन निवासी आधारताल जबलपुर, जगदीश प्रसाद चर्मकार निवासी पुरानी बस्ती जैतहरी, रामकृपाल कोल निवासी छुलहा अनूपपुर, ननदऔ राठौर निवासी महुदा जैतहरी, देवेन्द्र कुमार राठौर निवासी जैतहरी, रामकिशोर रैदास निवासी चांदपुर जैतहरी, रामलाल चौधरी निवासी ग्राम कांसा अनूपपुर, नरेन्द्र कुमार राठौर निवासी ग्राम मौहरी अनूपपुर, 09. संतोष राठौर निवासी ग्राम चोरभठी जैतहरी, रामाधार चौधरी निवासी ग्राम अमगंवा जैतहरी को गिरफ्तार किया जा चुका था। आरोपी रामदेव राठौर पिता रामलाल राठौर निवासी जैतहरी थाना जैतहरी लम्बे समय से फरार चल रहा था, 09 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी रामदेव राठौर पिता रामलाल राठौर उम्र 44 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 04 जैतहरी थाना जैतहरी जिला अनूपपुर को अनूपपुर में गिरफ्तार किया गया है।

**अन्तर्राज्यीय चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान जप्त:** जिले के अनूपपुर के रामनगर थाना अन्तर्गत कृष्णा कुमार सिंह पिता स्व. रामेश्वर सिंह, उम्र 28 वर्ष, निवासी काटर नं. बी/7 बाबू लाइन राजनगर ने थाना रामनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मां के स्वर्गवास के कारण वे परिवार सहित ग्राम नोनार, थाना पीरो जिला भोजपुर (बिहार) चले गए थे। दिनांक 25 मई 2024 को सुबह जब वे अपने घर लौटे तो देखा कि स्टोर रूम की सीट कटी हुई थी और रखी हुई बड़ी पेटी का कुंदा उखड़ा हुआ था। पेटी खोलकर देखा तो उसमें रखे पुराने पीतल-कांसा के बर्तन (कड़ाही, परात, कलसूप, गिलास, कटोरी, थाली, पतीला, बाल्टी, दिया, प्लेट आदि), पुराना चांदी का पायल, सोने की चैन, चांदी का मेंहदी हाथ का कड़ा एवं नकद 2000 चोरी हो गए थे। इस पर अपराध क्रमांक 223/24 धारा 457, 380 भा.दं.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में एक आरोपी को घटना के कुछ समय बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। दूसरा आरोपी रवि केवट पिता जवाहर केवट उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 19, चोपड़ा शांतिनगर, मनेंद्रगढ़ जिला एमसीबी (छ.ग.) घटना दिनांक से फरार था। आरोपी रवि केवट को गिरफ्तार कर चोरी गया मसरूका बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय कोतमा में पेश किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा पोषण आहार सप्ताह मनाया गया



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदा पुरम राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा पोषण आहार सप्ताह मनाया गया जिसके तहत कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इरा वर्मा द्वारा युवा बालिकाओं में बहुत सारा आहार का महत्व विषय पर एक दिवसी कार्यशाला का आयोजन किया गया प्राचार्य डॉक्टर आरके चौक से ने पोषण आहार से स्वस्थ बालिकाओं स्वस्थ भारत निर्माण करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम अधिकारी डॉ इरा वर्मा ने कहा की समृद्ध पोषण आहार ही समृद्ध युवा बालिकाओं का निर्माण करता है उन्होंने भोजन में विभिन्न सब्जियों विभिन्न भजियों तथा फलों में व्याप्त लाभकारी विटामिनों के विषय में विवेचना करते हुए किशोरी बालिकाओं को उनके आहार में सब्जियों फलों और दाल का समुचित मात्रा में प्रयोग नियमित रूप से करना चाहिए जिससे वह कुपोषण एनीमिया खून की कमी जैसी बीमारियों से स्वयं का बचाव कर सकेंगे कार्यक्रम में सलोनी दुबे ने मोटे अनाज के युवा बालिकाओं के स्वास्थ्य पर प्रभाव की विवेचना की विभिन्न मोटे अनाजों की भोजन में उपयोगिता क्या है कितनी मात्रा में बालिकाओं को मोटा अनाज लेना चाहिए जिससे कि वह को पोषण से स्वयं का बचाव कर सके वर्तमान में बालिकाओं को रक्त अल्पता एनीमिया शारीरिक थकान कमजोरी चिड़चिड़ापन लगा रहता है जब मलिक शारीरिक रूप से स्वस्थ होगी तभी वह अपने अध्ययन को समुचित रूप से पूर्ण कर पाएंगे तथा देश और समाज के लिए सशक्त आधार की भूमिका निभा पायेंगे क्योंकि वर्तमान कठिनाइयों से भरा है इसलिए हमें शारीरिक शारीरिक रूप से मजबूत स्वस्थ बालिका ऑन का निर्माण करना आवश्यक है जिससे हम सशक्त देश के निर्माण की भूमिका में सहयोग कर सके रोगी और बीमारी से दूर रखना स्वस्थ युवाओं का निर्माण करना का उद्देश्य था जब तक बालिकाओं को समुचित पोषण आहार की जानकारी नहीं दी जाएगी तब तक वे एनीमिया पीलिया की शिकार होती रहेंगे कार्यक्रम में डॉक्टर कुमुदिनी डॉ प्रियंका राय गांव के निर्माण के उपयोगी सुझाव दिए कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया जिसमें कुपोषण से बचाव के विभिन्न उपाय बताए गए छात्रों ने बालिका श्रृंखला का निर्माण करके स्वस्थ बालिका स्वस्थ भारत निर्माण करने की पहल की स्वस्थ युवा एवं स्वस्थ भारत का संदेश समाज को दिया कार्यक्रम में राजकुमारी पुष्पा संगीता सलोनी राधिका भूमिका भूमिका रोशनी मोहिनी कल में सिया शिवानी अजरा भारती उर्मिला कविता इत्यादि में बढ़-चढ़कर भाग लिया स्वस्थ रहने के स्वस्थ वाले का निर्माण के संदेश भी नारे लगाकर समाज को दिए।

# राष्ट्र निर्माण में खेलों की भूमिका, कानूनी परिप्रेक्ष्य और खेल नैतिकता पर सेमिनार पर सेमिनार का आयोजन किया।



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में दिनांक 29.7.2025 को खेल दिवस के अवसर पर seminar on Roll of sports in nation building legal perspective and sporting ethics पर सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज एवं मुख्य अतिथि श्री तरूण रावत क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय बुधनी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया।कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ.अभिषेक सिंह सहा.प्रा. द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तरुण रावत द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के उद्गम, इतिहास एवं खेलकूद के विषय में किस प्रकार के नियमों का उपयोग किया जाता है इसके बारे में विस्तार से चर्चा की गई अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कल्पना भारद्वाज द्वारा छात्र छात्राओं को खेल एवं खेल विधि के पहलुओं पर बताया गया। खेलकूद के नियमों के संबंध में क्रीडा विभाग के विभागध्यक्ष श्री शिवाकांत मौर्य सहा.प्रा. द्वारा जानकारी दी गई।डॉ महेंद्र कुमार पटेल सहा. प्रा .एवं श्री राजदीप सिंह भदौरिया सहा. प्रा. द्वारा भी खेल दिवस के बारे में अलग-अलग चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरि प्रकाश मिश्रा क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया अंत में श्री शिवाकांत मौर्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई के छात्रों द्वारा माटी से गणेश निर्माण का प्रशिक्षण लिया




**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** दिनांक 26 अगस्त 20 25 को राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई के छात्रों द्वारा माटी से गणेश निर्माण का प्रशिक्षण लिया कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर हीरा वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक छात्रों ने भी माटी के गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया वर्तमान में पर्यावरण के संरक्षण हेतु माटी गणेश निर्माण तथा केमिकल के दुष्प्रभाव से बचने के लिए माटी के ही गणेश बनाने की प्रेरणा ली कार्यक्रम में कमल रानी सलोनी कुमकुम महक राजकुमारी पुष्पा सविता अनामिका देवयानी पायल सृष्टि सोनी ने तथा बालकों में अभिषेक सौरभ तुषार ने माटी के गणेश बनाए कार्यक्रम में डॉक्टर दिनेश श्रीवास्तव डॉक्टर केशव मिश्रा डॉक्टर दशरथ मीणा डॉक्टर रीना सक्सेना तथा महाविद्यालय के स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित थे माटी के गणेश निर्माण वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और सबको माटी के गणेश का ही प्रयोग करना चाहिए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर उदयपुरा महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का समापन, मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि।



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता उदयपुरा।** शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में 29 अगस्त 2025 को क्रीड़ा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विगत 10 दिनों से चली आ रही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का समापन मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अन्नू बड़कुड़ द्वारा खेलों के महत्व के बारे में बताया गया एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री पंकज आर्य द्वारा विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद का जीवन परिचय, भारतीय हॉकी एवं ओलंपिक्स में उनका योगदान, खेल हमारे जीवन में क्यों आवश्यक हैं एवं खेलों में अपना कैरियर कैसे बनाए आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थीयों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए राज्य स्तर एवं वेस्ट ज़ोन शतरंज प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु कु.नीलम कुशवाहा को महाविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन शैक्षणिक स्टाफ डॉ.पार्वती व्याघ्रे, श्याम सुंदर प्रजापति (ज्ञक्क), प्रतीक लोधी, काशीराम चौधरी, डॉ.भरत




सिंह लोधी एवं महाविद्यालय के पूर्व छात्र हल्केवीर रा.से.यो वॉलंटियर एवं बड़ी संख्या विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार संदीप कुमार भारके द्वारा किया गया।

# बड़ी कार्यवाही, शिकार के लिए जंगल में बिछाया जाल, वन विभाग ने गिरफ्तार किए 3 आरोपी, भेजे गए जेल



**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। वन परिक्षेत्र जैतहरी के गोबरी बीट अंतर्गत जंगल में रात के समय शिकार के उद्देश्य से जीआइ तार से खूटी को जंगल में गाड़ कर बिछाए गए जाल की सूचना पर वनविभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से शिकार करने के लिए उपयोग मे लिए जाने वाले सामग्रियों को जप्त करते हुए, न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है प्रकरण में अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं। घटना के संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा ने बताया कि एक सितंबर की रात मुखबिर में सूचना मिली कि गोबरी बीट के गोबरार नाला के पास कक्ष क्रमांक आर,एफ 303 में शिकारियों द्वारा जैतहरी से गोबरी होकर अन्य ग्रामीण अंचलों में जाने वाली बड़ी विद्युत लाईन के समीप जंगली जानवरों के शिकार करने के उद्देश्य शिकारियों द्वारा जीआई तार में बांस की खूटी में रबड़ बांधकर जंगल में जमीन में जाल लगाया है, सूचना परिक्षेत्र सहायक जैतहरी पूरन सिंह मरावी,गोबरी बीट के वनरक्षक कुंदन शर्मा,राकेश प्रसाद शुक्ला अन्य सहयोगियों के साथ स्थल पर पहुंचकर बांस की ढगनी,जीआई तार में बांस की खूंटी जिसमे रबड़ लगा जमीन में गढ़ा फैलाया हुआ को बरामद कर आरोपियों की तलाश की गई, इस दौरान शहडोल के डांग एस्कॉर्ट जिनी से डांग हैंडलर राजकमल पयासी द्वारा परीक्षण किए जाने पर ग्राम झाईताल थाना जैतहरी के गुलाब पिता दादूराम सिंह 41 वर्ष,अर्जुन पिता कम्मू चौधरी 30 वर्ष के घर से शिकार के लिए उपयोग किए जाने वाली सामग्री बरामद किया गया। दोनों के साथ में मंगल पिता रामलाल अगरिया 41 वर्ष के अन्य कुछ लोगों के साथ गोबरी के गोबरार नाला के समीप जंगल में शिकार के लिए लगाया गया था, तीनों आरोपियों को सामग्री सहित अभिरक्षा में लेते हुए वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओ के तहत कार्यवाही कर अनूपपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया तीनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जिला जेल भेजा गया, शिकार के प्रयास में संलिप्त अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# यात्रियों के लिए ट्रेन सुविधा इन दिनों परेशानी का सबब बनी हुई है

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

**अनूपपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों के यात्रियों के लिए ट्रेन सुविधा इन दिनों परेशानी का सबब बनी हुई है। अनूपपुर रेलवे स्टेशन से अंबिकापुर और चिरमिरी की ओर यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्रियों को प्रतिदिन रात 2:30 बजे से लेकर दोपहर 1:30 बजे तक का लंबा इंतज़ार करना पड़ रहा है। इस दौरान कोई सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को घंटों स्टेशन पर ही समय बिताना पड़ता है।

**यात्रियों को झेलनी पड़ रही हैं कई तरह की परेशानियाँ :** इस लम्बे गैप के दौरान न केवल लोगों का कीमती समय



बर्बाद होता है, बल्कि बुज़ुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्टेशन पर पर्याप्त बैठने की व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को फर्श पर बैठकर इंतजार करना पड़ता है। गर्मी या बारिश के मौसम में यह परेशानी और भी बढ़ जाती है।

**छात्रों और रोज़गार करने वालों के लिए संकट :** अनूपपुर से अंबिकापुर या चिरमिरी जाने वाले छात्र, नौकरीपेशा लोग और छोटे व्यापारी इस ट्रेन सुविधा में आई कमी से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें या तो रात को बहुत जल्दी निकलना पड़ता है या फिर अगले ट्रेन के लिए लगभग 11 घंटे इंतज़ार करना पड़ता है। इससे रोज़मर्रा की गतिविधियाँ भी प्रभावित हो रही हैं।

**स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने उठाई मांग :** स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने या शेड्यूल को यात्रियों की सुविधा अनुसार समायोजित करने की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए रेल मंत्रालय से हस्तक्षेप की अपील की है। लोगों का कहना है कि अनूपपुर एक महत्वपूर्ण जंक्शन है और इससे जुड़े क्षेत्र खनिज, कृषि और पर्यटन की दृष्टि से भी अहम हैं, ऐसे में बेहतर रेल सुविधा मिलनी ही चाहिए। अनूपपुर से अंबिकापुर और चिरमिरी की दिशा में यात्रा करने वालों को राहत दिलाने के लिए रेलवे प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। एक समर्पित और सुविधाजनक ट्रेन सेवा इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# साइबर क्राइम - जागरूकता से ही रक्षा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक






मथुरा,अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज की आई.क्यू.ए.सी. सेल द्वारा छात्राओं के लिए एक दिवसीय साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़े अहम बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में जागरूकता ही साइबर क्राइम के विरुद्ध सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने यह भी कहा कि आज का समय मोबाइल युग है, जहाँ हमें अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है, अन्यथा हम किसी बड़ी समस्या के शिकार हो सकते हैं। अपने उद्बोधन में एसएसपी महोदय ने हेल्पलाइन नंबर 1930 के विषय में विशेष जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार कोई भी व्यक्ति साइबर अपराध की तत्काल शिकायत दर्ज करा कर अपने साथ हुए अपराध पर पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं सहयोग पा सकता है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं मार्गदर्शक साबित हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने साइबर क्राइम विषय पर आधारित प्रवक्ता दीक्षा चौधरी एवं मांडवी राठौर द्वारा निर्देशित नुक्कड़ नाटक का शानदार प्रदर्शन किया ।नाटक के मध्य छात्राओं ने साइबर क्राइम से जुड़े अनेक स्लोगन भी प्रदर्शित किए जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।प्रारम्भ में मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. मीता तिवारी ने स्मृति चिह्न भेंट कर किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन श्री रोहित वाजपेयी द्वारा , संचालन डॉ. आरती पाठक द्वारा एवं डॉ सरिता शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवक्ता डॉ. मनोरमा कौशिक, नूतन देहर, कनिका, सारिका भाटिया डॉ पंकजऔर शायमा मुस्तफा का एवं छात्रा निशा,मुस्कान, प्रियंका, जागृति ,शिवानी दीक्षा,सिद्धि का विशेष योगदान रहा।

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

राजनगर /बनगवा। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में बसा हुआ नगर परिषद बनगवा राजनगर ग्राम पंचायत बनने से लेकर नगर परिषद बनने के बाद भी विकास के रह को तक रहा है नगर परिषद बनने के बाद भी आज जगह-जगह टूटी हुई नालियां जगह फटी हुई सड़के साथ में कचरो का ढेर लगा हुआ आपको देखा जा सकता है इसी कड़ी में राजनगर साप्ताहिक



बाजार से दुर्गा मंदिर रोड में चलने में भी लोगों को परेशानी हो रही है क्योंकि कई महीनो से रोड टूट चुकी है और पाइपों का पानी भी रोड में ही बह रहा है है जिससे रोड नाली में तब्दील हो रही है साथ में कई वार्डों में देखा जा सकता है कि कचरो का अंबार लगा हुआ है एक तरफ बताया जा रहा है कि तीन टाइम साफ सफाई हो रही है लेकिन शायद यह कहने मात्र को है जमीनी स्तर पर इसकी सच्चाई अलग ही है सड़क के किनारे ऐसे पेड़ उगे हैं जो की अपनी डालियां रोड में ही पसारे हुए हैं जिससे दुर्घटना होने की भी संभावना है साप्ताहिक बाजार में सप्ताह में बाजार लगती है और उसी रोड में रोड की गंदी स्थिति रोड में गड्ढे हो गए हैं जिससे सड़क पर चलने पर बड़ी समस्या होती है जिससे आने वाले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है इसे बनाना अति आवश्यक है नहीं तो कोई दुर्घटना हो सकती है सम्माननीय मंत्री जी भी इस क्षेत्र को विकास के लिए अपना संपूर्ण योगदान दे रहे हैं क्योंकि उनका निवास स्थान भी यहां से 10 किलोमीटर दूर बिजुरी में है उनका आवागमन यहां बना रहता है।

# ठूठी प्राथमिक विद्यालय में अव्यवस्थाओं का अंबार, बच्चों को परोसा जा रहा घटिया भोजन

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर/ जैतहरी। विकासखण्ड जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत फुनगा के ठूठी गांव में संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय ठूठी में मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव है। विद्यालय में न तो शौचालय की व्यवस्था है, न ही वॉशबेसिन की सुविधा ठीक से चल रही है। यहां तक कि विद्यालय परिसर में लगे हैंडपंप से लाल पानी निकल रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। वर्तमान में विद्यालय में 27 बच्चे अध्ययनरत हैं। इनके लिए मध्यान्ह भोजन दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन बच्चों को घटिया गुणवत्ता विहीन



भोजन परोसा जा रहा है। बताया जाता है कि यही समूह शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुदरी टोला और शासकीय प्राथमिक विद्यालय ठूठी दोनों जगह भोजन पहुंचाता है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी दी गई, लेकिन अब तक न तो भोजन की गुणवत्ता में सुधार हुआ और न ही मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन से दुर्गा स्व सहायता समूह पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है, ताकि बच्चों को पोषणयुक्त भोजन और विद्यालय में बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**इनका कहना है**

हमने कई बार समूह को अच्छा भोजन लाने को कहा है एवं इसकी जानकारी संकुल को भी दी गई है।

**नीतू तिग्गा, प्रभारी प्रधानाध्यापक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय, कुदरी टोला**

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)